# भाजपा सरकार में गरीब व योग्य युवाओं को पारदर्शिता के आधार पर सरकारी नौकरियां मिली है : संदीप गर्ग

## भाजपा ही देश व प्रदेश को विकसित बना सकती है, कांग्रेस ने 70 साल लूट का काम किया

तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग



**लाडवा :** भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार दवारा किए गए विकास कार्य आम नागरिक को धरातल पर साफ नजर आ रहे है। इस सरकार ने दस सालों में इतने विकास कार्य किए इतने कार्य कांग्रेस की सरकार कभी सोच भी नहीं सकती। इस देश को कांग्रेस ने 70 साल लूटने का काम किया और देश की जनता को धोखा देने काम किया है। इसलिए हरियाणा प्रदेश की जनता समझदार और जानती है कि भाजपा ही देश व प्रदेश को विकसित बना सकती है।

भाजपा नेता संदीप गर्ग बाबैन में अशोक सिंगला की दुकान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हर देश में भारत देश के चर्चे होते है, यह सब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण है। क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी भारत देश के बारे में सोचते है। भाजपा सरकार ने प्रत्येक क्षेत्र में समान रूप से कार्य किया है। शेत्रवाद, परिवारवाद व जातिवाद की राजनीति को खत्म करके अंत्योदय की नीति पर काम करते हुए सरकार ने अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दस साल में ही देश को दुनिया में पाँचवें पायदान पर लाकर खड़ा किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी प्रदेश की उन्नति के लिए दिन-रात प्रयास कर रहे है।

इस प्रदेश में लोग भाजपा की नीतियों व जन कल्याणकारी योजनाओं से खुश है और इस प्रदेश की अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का 100 प्रतिशत लाभ पहुंचा है और गरीब एंव योग्य युवाओं को पारदर्शिता के आधार पर सरकारी नौकरियां मिली है। इससे पहले सरकारों में पर्ची व खर्ची के आधार पर नौकरियां मिलती थी। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार आज वर्ग के बारे में सोच रही है और सभी को साथ लेकर चलने वाली सिर्फ भाजपा पार्टी है। वहीं दुकान पर पहुंचने पर संदीप गर्ग का दुकानदारों द्वारा फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर राज गर्ग, मनोज धवन, अनुज गर्ग, घनश्याम काम्बोज, प्रदीप, विपिन शर्मा, सुरेश, मोहन, राजिन्द्र आदि मौजूद थे।

## सुंदरी एक्सप्रेस के डिब्बे से मिली 3 किलो 270 ग्राम अफीम

**चंडीगढ़ :** सिरसा रेलवे स्टेशन पर सुंदरी एक्सप्रेस में सुरक्षा जांच के दौरान राजकीय रेलवे पुलिस( जीआरपी) को एक बैग में से भारी मात्रा में अफीम मिली। राजकीय रेलवे पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुंदरी एक्सप्रेस सिरसा से फिरोजपुर( पंजाब)जा रही थी। रेलवे थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर रणवीर सिंह जानकारी के अनुसार अगरतला से फिरोजपुर जाने वाली सुंदरी एक्सप्रेस शनिवार रात को सिरसा स्टेशन पर पहुंची। यहां पर राजकीय रेलवे पुलिस थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर रणवीर सिंह अपनी टीम के साथ सुंदरी एक्सप्रेस के डिब्बों की जांच कर रहे थे। इसी दरान एक डिब्बे में पुलिस को काले रंग का लावारिस बैग मिला। रणवीरसिंह ने बताया कि पुलिस ने लावारिस बैग को अपने कब्जे में लेकर तलाशी ली तो उसमें से 3 किलो 270 ग्राम अफीम मिली। जिस डिब्बे में उक्त बैग मिला उसमें कोई यात्री सवार नहीं था।

# जनसंवाद पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध तरीके से हो निपटान : देवेंद्र सिंह

## मुख्यमंत्री के सलाहकार देवेंद्र सिंह ने जनसंवाद पोर्टल की ली समीक्षा बैठक, संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश




तेजयुग न्यूज/रतन सिंह

**पलवल।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सलाहकार सेवानिवृत्त देवेंद्र सिंह ने सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में जनसंवाद पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के तत्परता से समाधान को लेकर जिला के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन सभी शिकायतों का समय पर निपटान करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री के ओएसडी नरेंद्र सिंह ने भी अधिकारियों के साथ जनसंवाद पोर्टल के संबंध में चर्चा की।

समीक्षा बैठक में देवेंद्र सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समय अवधि में विकास कार्यों को पूरा करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसंवाद पोर्टल के माध्यम से करवाए जाने वाले विकास कार्यों के लिए सभी विभागों के अधिकारी आपस में तालमेल बनाकर पूर्ण करवाएं। वहीं विभागीय अधिकारी विकास कार्यों को पोर्टल पर समय-समय पर अपडेट करते रहें, जिससे जिले में चल रहे विकास कार्यों का स्टेटस की अपडेट जानकारी मुख्यालय को निर्बाध रूप से मिलती रहे। उन्होंने कहा कि जनसंवाद पोर्टल की मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं मॉनीटरिंग करते हैं। इसलिए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाए।

इसमें किसी भी प्रकार की कोताही की कोई गुंजाइश नहीं है। इस पोर्टल को शुरू करने का उद्देश्य यही है कि जनसंवाद कार्यक्रमों के दौरान प्राप्त हुई विकासात्मक कार्यों संबंधी शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निपटान किया जा सके, ताकि आमजन को उनकी समस्याओं से निजात मिले। इस अवसर पर जिला के अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रागी, एसडीएम पलवल नरेंद्र सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी संजय सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल, जिला सिविल सर्जन डॉ. नरेश गर्ग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नशा तस्करों के धरपकड़ अभियान में पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही, 2 अलग-अलग मामलों में तस्कर गिरतार

## आरोपियों से 20 किलो 366 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद

तेजयुग न्यूज/रतन सिंह



**पलवल।** जिला पुलिस को नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हुए हैं इसी कड़ी में कार्य करते हुए पलवल पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल होडल तथा गदपुरी थाना पुलिस ने 2 अलग-अलग मामलों में 2 नशा तस्करों को 20 किलो 366 ग्राम मादक पदार्थ गांजा सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

एंटी नारकोटिक्स सेल होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार की टीम में तैनात उप निरीक्षक महावीर सिंह के नेतृत्व में टीम नशा गतिविधियों पर रोकथाम हेतु थाना होडल क्षेत्र अंतर्गत हसनपुर चौक होडल पर मोजूद थे जहां उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि तिहाव पट्टी होडल निवासी एक युवक मादक पदार्थ गांजा बेचने का काम करता है जो आज भी गोढोता फाटक होडल पार एक नीले रंग के प्लास्टिक कट्टा मे गांजा लेकर कही सप्लाई करने के लिए अपनी गली के बाहर किसी वाहन के इन्तजार में खड़ा है। सूचना के आधार पर टीम ने मौका पर दबीश देकर उसे धर दबोचा।मौका पर नियम अनुसार डियूटी मैजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह डीएसपी होडल के समक्ष प्लास्टिक कट्टा कि तलाशी ली गई तो उसमें 20 किलो 200 ग्राम गांजा मादक पदार्थ बरामद हुआ।

वहीं दूसरे मामले में गदपुरी थाना अंतर्गत चौकी बघोला प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुनील कुमार की टीम ने थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव जटोला निवासी तस्कर को गांव से ही 166 ग्राम मादक पदार्थ गांजा सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। दोनों मामलों मे मादक पदार्थ गांजा को कब्जे में लेकर आरोपीयों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। आगामी जांच इकाई द्वारा आरोपीयों से बरामद मादक पदार्थ गांजा के स्त्रोत बारे गहनता से पूछताछ जारी है।

## रबी फसलों में भारी वर्षा एवं ओलावृष्टि से हुए नुकसान के दावे, ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने का लिया निर्णय

**यमुनानगर :** उप-कृषि निदेशक आत्मा राम गोदारा ने बताया कि रबी-2024 सीजन में रबी फसलों में भारी वर्षा एवं ओलावृष्टि से हुए नुकसान के दावे को अपलोड करने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने सभी किसानों से अनुरोध किया है कि वह ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर भारी वर्षा एवं ओलावृष्टि से हुए नुकसान के दावे को 15 मार्च 2024 तक अपलोड करवाना सुनिश्चित करे।

# लोस टिकट नहीं मिला तो महापंचायत कर ठोस निर्णय लेगा राजपूत समाज : अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह

## राजपूत समाज ने राष्ट्रीय पार्टियों पर लगाया अनदेखी का आरोप, कहा, जो पार्टी टिकट देगी उसका तन मन धन से देंगे साथ

तेजयुग न्यूज



**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर राजपूत समाज मुखर होकर मैदान में आ चुका है। सोमवार को सेक्टर 8 स्थित महाराणा प्रताप भवन में राजपूत सभा करनाल की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सभा के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह ने की। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई।

इसके बाद एक प्रेस वार्ता का आयोजन भी किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान राजपूत सभा करनाल के अध्यक्ष डॉ नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 1966 से लेकर 2019 तक मुख्य धारा के किसी भी राष्ट्रीय राजनीतिक दल ने हरियाणा में राजपूत समाज के व्यक्ति को लोकसभा व राज्यसभा का टिकट नहीं देकर घोर उपेक्षा की है। 2024 के चुनाव में राजपूत समाज अपने हकों को लेकर लामबंद हुआ है। हरियाणा प्रदेश में राजपूत समाज करीब 8 प्रतिशत है जिसके चलते कम से कम दो लोकसभा क्षेत्र से राजपूत समाज को टिकट दी जाएं। करनाल लोकसभा क्षेत्र में करीब डेढ़ लाख वोट राजपूत समाज के है, इसलिए उनकी प्राथमिकता है कि करनाल लोकसभा क्षेत्र से राजपूत समाज के व्यक्ति को टिकट मिले। मुख्य धारा का जो भी राष्ट्रीय राजनीतिक दल राजपूत समाज को टिकट देगा, उसका तन मन धन के साथ समर्थन किया जाएगा।

यदि भाजपा और कांग्रेस राजपूत समाज की अनदेखी करते हैं तो राजपूत समाज महा पंचायत कर ठोस निर्णय लेगा। उन्होने कहा कि अंबाला से लेकर कुरुक्षेत्र करनाल, फरीदाबाद, गुड़गांव, भिवानी-महेंद्रगढ़ सहित कई सीटों पर राजपूत समाज के निर्णायक वोट हैं, जो किसी भी पार्टी को जिताने और हराने में निर्णायक साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में राजपूतों ने भाजपा को झटका देने का काम किया था, जिसमें पृथला सीट पर नयनपाल रावत को जब टिकट नहीं मिला तो उन्होंने निर्दलीय जीत कर भाजपा को आइना दिखाया था, वहीं रादौर में राजपूत समाज के विधायक का टिकट काटने पर भाजपा कैंडिडेट की हार हुई थी, इसका असर करनाल जिले की असंध और नीलोखेड़ी पर भी हुआ और पूरे प्रदेश में इसका प्रभाव देखने को मिला। उन्होने कहा राजपूत राष्ट्रवादी और जागरूक समाज है, लेकिन राजनीतिक दल उनका प्रयोग सिर्फ वोट के लिए करते हैं लेकिन अब भविष्य में ऐसा नहीं चलेगा। मुख्यधारा की राष्ट्रीय पार्टियों को राजपूतों को उनकी संख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व देना होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह नंबरदार, महासचिव बृजपाल राणा एडवोकेट, दीपक कैरवाली, राजेंद्र राणा ऊंचा समाना, प्रवीण सरपंच, प्रेस सचिव बिशपाल राणा, भूप सिंह, राजेंद्र अमृतपुर, सतपाल राणा उचाना, सतीश राणा उचाना आदि मौजूद रहे।

# देर से ही सही द्वारका एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद

**क्या खट्टर सरकार को 10 साल में अपनी एक भी ऐसी परियोजना नहीं मिली जिसकी मंजूरी, शिलान्यास और काम भी शुरु कराकर पूरा कराया हो?**

**खट्टर सरकार ने 1 महीने में जिन 3 परियोजनाओं का प्रधानमंत्री जी से फीता कटवाया वो हमारे समय मंजूर हुई, शिलान्यासित हुई और काफी काम भी हमने पूरा कराया : दीपेन्द्र हुड्डा**

**बीजेपी सरकार के ढुलमुल रवैये के कारण ही द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजना में अनिश्चितकाल की हुई देरी : दीपेन्द्र हुड्डा**



तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र ने गुड़गाँव-दिल्ली के बीच बने द्वारका एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किए जाने पर संतोष जताया और उन्हें धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2006 में कांग्रेस की हुड्डा सरकार ने गुड़गाँव-दिल्ली के बीच रोज सफर करने वालों को जाम से निजात देने के उद्देश्य से द्वारका एक्सप्रेस-वे को मंजूर किया था और इसका 75% काम भी 2014 तक पूरा करा दिया था। लेकिन, भाजपा सरकार के आने के बाद इस पर उसके ढुल-मुल रवैये के कारण इस परियोजना में अनिश्चितकालीन देरी हुई। लेकिन, मुझे संतोष है कि देर से ही सही आज प्रधानमंत्री जी ने इसका उद्घाटन किया। अब लोगों को आने-जाने में जाम से भी राहत मिलेगी और समय की बचत के साथ रास्ते की दूरी भी घटेगी।

दीपेन्द्र हुड्डा ने आगे कहा कि हरियाणा की खट्टर सरकार ने चुनावी सीजन में प्रधानमंत्री जी से 1 महीने में 3 परियोजनाओं का फीता कटवाया।

लेकिन ये तीनों परियोजनाएं – 1. हांसी महम रेल लाइन, 2. झज्जर का केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान और 3. द्वारका एक्सप्रेस-वे की मंजूरी, शिलान्यास और काफी काम भी हमारे समय हो चुका था। उन्होंने सवाल किया कि क्या खट्टर सरकार को 10 साल में अपनी एक भी ऐसी परियोजना नहीं मिली जिसकी मंजूरी, शिलान्यास और काम भी शुरु कराकर पूरा कराया हो ?

उन्होंने बताया कि वर्ष 2007 में कांग्रेस की हुड्डा सरकार ने द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजना की घोषणा की। द्वारका एक्सप्रेसवे की परिकल्पना दिल्ली और गुड़गांव के बीच एक वैकल्पिक लिंक रोड के रूप में की गई थी। इससे दिल्ली-गुड़गांव एक्सप्रेसवे पर यातायात का बोझ घटाने और आने-जाने में समय की बचत के लिए तैयार कराया गया था। वर्ष 2008 में भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू करने के बाद 2011 में निर्माण कार्य का टेन्डर हुआ। वर्ष 2012-14 तक इसका 75% निर्माण पूरा कर लिया गया। 8 मार्च, 2016 को केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग और जहाजरानी मंत्रालय ने इसे राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया। इस परियोजना के पूरा होने में देरी की मुख्य वजह मौजूदा बीजेपी सरकार का ढुलमुल रवैया रहा, जिसके कारण NHAI से अधिसूचना जारी होने में भी देरी हुई।

# कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता व तमाम वोटर नवीनतम मतदाता सूची में चेक करें अपना नाम : हुड्डा

**वोट डिलीट होने पर या नये नाम जुड़वाने के लिए तुरंत उठाएं कदम, आचार सहिंता से पहले बनवाएं अपना वोट- हुड्डा**

**जनता के लोकतांत्रिक अधिकार की रक्षा करें कांग्रेसजन, हरेक वोटर की करें मदद- हुड्डा**



तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रदेश में वोट कटने की शिकायतों पर गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने तमाम मतदाताओं, कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं के लिए जारी अपने संदेश में सभी से नवीनतम वोटर लिस्ट चेक करने और जनता से लोकतंत्र के इस सबसे बड़े महोत्सव में सक्रिय होकर शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कई विधानसभा में वोट कटने की शिकायतें आ रही हैं। लोगों ने उन्हें जानकारी दी है कि कई जगह वोटरों के वार्ड भी बदल दिए गए हैं। अगर यह जानकारी पूर्णतया या आंशिक तौर पर भी सही है तो बड़ी संख्या में आम लोग वोट डालने के संवैधानिक अधिकार से वंचित रह जाएंगे।

हुड्डा ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को इस मामले में सक्रियता दिखाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने, अपने परिवार और अपने-अपने क्षेत्रों की नवीनतम वोटर लिस्ट पूरी सावधानी से चेक करें। घर घर कांग्रेस – हर घर कांग्रेस अभियान में और तेजी लाये। यदि कहीं किसी के नाम गलत ढंग से कट गए हैं तो कांग्रेस कार्यकर्ता उनके नाम जुड़वाने या नया वोट बनवाने में पूरी मदद करे और जिला निर्वाचन कार्यालय से वोटर लिस्ट लेकर उसमें गांव व वार्ड के मतदाताओं के नामों का मिलान करें। अगर किसी मतदाता को कोई परेशानी आ रही है तो उसके संबंध में तुरंत शिकायत दर्ज करवाएं और फिर से वोट जुड़वाने का काम करें। कांग्रेस के बूथ कार्यकर्ता अपने स्तर पर इसकी जिम्मेदारी लें ताकि किसी भी नागरिक से उसका वोट देने का संवैधानिक अधिकार ना छीन सके। देश में किसी भी वक्त आदर्श आचार संहिता का ऐलान हो सकता है। इसलिए यह कार्य जल्द से जल्द पूरा करवाएं।

# हरियाणा में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है: कुमारी सैलजा

तेजयुग न्यूज



**चंडीगढ़, 11 मार्च।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव, उतराखंड की प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने हरियाणा में हो रही आपराधिक वारदातों के लिए सरकार को घेरते हुए कहा है कि हरियाणा में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। खुलेआम अपराध हो रहे हैं। मुरथल के ढाबे पर एक शराब कारोबारी की खुलेआम हत्या, हरियाणा सरकार और कानून व्यवस्था दोनों पर तमाचा है। पिछले 15 दिनों में चौथी ऐसी वारदात से साफ है कि भाजपा राज में प्रदेश में बदमाशों और अपराधियों का बोलबाला है। ऐसी लगातार वारदातों से हरियाणा की जनता में दहशत का माहौल है। इस सरकार में कोई भी व्यक्ति अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। भाजपा सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाने में पूरी तरह विफल रही है। जिसके कारण आपराधिक गतिविधियां इतनी बढ़ गई है।

आज मीडिया को जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि इनेलो नेता नफे सिंह राठी की हत्या के बाद प्रदेश में कई वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है। जिससे यह भी साफ होता है कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी सरकार ने कोई सबक नहीं लिया और कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। जिसके चलते जनता का सरकार व कानून व्यवस्था से भरोसा उठ गया है। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिन की बात करें तो रोहतक में गन प्वांइट पर व्यापारी से लूट, अंबाला में कैथल के छात्र पर हमला, कुरुक्षेत्र में महिला प्रिंसिपल को गोलियां मारने, गुरुग्राम में व्यापारी को गोलियां मार कर मर्डर जैसी कई घटनाएं घट चुकी हैं। हर दिन सूबे में लूट व हत्याएं हो रही हैं पर सरकार कानून व्यवस्था को सुधारने की बजाय मौन है। जिसके चलते लोग दहशत के माहौल में है। कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में अपराधी लोग वारदातों को सरेआम अंजाम दे रहे हैं, जिससे साफ है कि प्रदेश में कानून व्यस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि लोगों की जान-माल की सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की बनती है पर भाजपा सरकार को लोगों की सुरक्षा से कोई सरोकार नजर नहीं आ रहा। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार कानून व्यवस्था में सुधार करने के क्षेत्र में जल्द ही कोई ठोस कदम उठाएं।

# किसानों के हक की लडाई लड़ें, किसानों से गद्दारी ना करे किसान नेता : नवीन जयहिन्द

तेजयुग न्यूज



**रोहतक।** कुछ महीनो पहले जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिन्द रोहतक के सिंचाई विभाग में किसानों की आवाज उठाने के चलते एक्सइन के ऑफिस पर गमछा बाँधने की वजह से सुर्ख़ियों में थे । इस गमछे का बांधने का कारण था सिंचाई विभाग में किसानों को परेशान किया जा रहा था। जिसके चलते नवीन जयहिन्द पर केस कर दिया गया। जिसकी पेशी पर सोमवार 11 मार्च को नवीन जयहिन्द रोहतक कोर्ट पहुंचे कोर्ट ने 10 मई 2024 अगली तारीख दी। इस मौके पर जयहिन्द के साथ उनके वकील विकास लाकड़ा व मदन लाल भारतीय भी मौजूद रहे।

जयहिन्द ने बताया कि किसान रोहतक के सिंचाई विभाग में अपनी समस्याएं लेकर आते थे लेकिन उनकी कोई सुनवाई नही होती थी एक दिन जब वे किसान परेशान होकर उनके पास आये, तो उनके साथ विभाग में पहुंचे और वहां पता चला कि जो एक्सईएन है उनका उन्ही के कर्मचारियों के साथ झगड़ा हो रखा था। जिसके चलते एक्सईएन ने सुपरिटेंडेंट के आफिस पर ताला लगा रखा था। जिसकी वजह से किसानों के काम नही हो पा रहे थे तो हमने उस एक्सईएन के आफिस को अपने गमछे से बांध कर बन्द कर दिया था। साथ ही जयहिन्द ने कहा कि हमने सरकारी काम मे बाधा नही डाली बल्कि सरकारी काम चालू करवाया था । किसान जो इतने दिनों से सरकारी दफ्तर के चक्कर काट रहे थे आला अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लिया और किसानों की समस्या का समाधान करवाया।

नवीन जयहिंद ने पत्रकार साथी के सवालों का जवाब देते हुए कहा जैसा कि आप सभी जानते है कि अपने आप को हरियाणा का बेटा कहने वाले दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी व हरियाणा के बटेऊ पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत मान जी है। दोनों हरियाणा के हक़एसवाईएल पर अपना रुख स्पष्ट करें।

जयहिन्द ने कहा कि अगर ये दोनों मुख्यमंत्री हरियाणा के प्रति वफादार है तो एसवाईएल नहर का निर्माण करवाकर हरियाणा को उसके हक़का पानी दे।

जयहिंद ने कहा जो आज के दिन जो अपने आप को किसान नेता कहते है वो हरियाणा के हक एसवाईएल की बात क्यों नही करते है क्यों डर रहे है ? और जो आज हरियाणा के हक की बात नही कर रहे है वो किसानो के भी गद्दार है वो हरियाणा के भी गद्दार है और सुप्रीम कोर्ट के भी गद्दार है जो हक की बात नही कर सकता उसको अपने आप को नेता कहने का कोई हक नही है